# लाड़ली बहना योजना

## चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश में **लाड़ली बहना योजना** के तहत मासिक सहायता राशि को वर्तमान 1250 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए किया जाएगा।

## मुख्य बिंदु

### योजना के बारे में:

- **उद्देश्य:** लाड़ली बहना योजना का **मुख्य उद्देश्य** मध्यप्रदेश की **महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना** है।
  - लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक 1.27 करोड़ महिला लाभार्थियों के खातों में 1553 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये जा चुके हैं।
- राज्य सरकार द्वारा राशि **को 3000 रुपए प्रतिमाह करने से अब और** अधिक महिलाएँ इसका लाभ उठा सकेंगी और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकेंगी।
- **शुरुआत:** इस योजना को मई 2023 में राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया था और इसके तहत 21 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को शुरू **में 1000 रुपए की सहायता दी जाती थी**। जिसे बाद में बढाकर 1250 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया।
- **पात्रता और नियम:**
  - महिला के परिवार की वार्षिक **आय 2.5 लाख रुपए से कम हो।**
  - परिवार में कोई भी सदस्य **सरकारी नौकरी नहीं** करता हो।
  - इसके अतिरिक्त, परिवार के पास **5 एकड़ से ज्यादा भूमि या ट्रैक्टर, चारपहिया वाहन न हो।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-behna-scheme-1